>

Title: Need to stop telecast of serial on Maharana Pratap depicting false historical facts.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) : प्रातः स्मर्णीय महाराणा प्रताप के जीवन पर आधारित धारावाहिक का प्रसारण टेलीविजन पर किया जा रहा है । इस धारावाहिक में प्रसारित की जा रही घटनाओं का इतिहास में प्रमाणित घटनाओं से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है । प्रसारित धारावाहिक में राणा प्रताप के जीवन में जो घटनाएं घटित हुई, उन्हें तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है । जैसे - महाराणा का अकबर से मिलना व मित्रता का भाव प्रकट होना जबकि ऐतिहासिक प्रमाण के अनुसार महाराणा प्रताप जीवन में कभी भी अकबर से नहीं मिले थे और न ही उनमें कभी मित्रता हुई थी । इस तरह इतिहास को गलत ढंग से प्रस्तुत करने से महाराणा प्रताप को जीवन में अपना आदर्श मानने वाली संस्थाएं एवं व्यक्ति बहुत आहत हो रहे हैं ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस धारावाहिक को इतिहास के प्रमाणों की कसौटी पर कसकर भ्रामक एवं इतिहास को गलत ढंग से प्रस्तुत करने वाले इस धारावाहिक को तुरंत बंद कराया जाए ।